**भारत सरकार**

**श्रम और रोजगार मंत्रालय**

**राज्य सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या- 1695**

**गुरुवार, 13 मार्च, 2025/22 फाल्गुन, 1946 (शक)**

**मंत्रालय और फाउंडइट के बीच समझौता ज्ञापन**

**1695 श्री मिथलेश कुमार:**

**श्री मयंक भाई जयदेव भाई नायक:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) इस साझेदारी से देश में श्रमिकों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने में किस प्रकार योगदान मिलने की आशा है;

(ख) क्या रोजगार सृजन और कौशल विकास को समर्थन देने के लिए इस समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत कोई विशिष्ट पहल या कार्यक्रम प्रस्तावित किए गए हैं;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या इस साझेदारी के अंतर्गत रोजगार सृजन के लिए किसी विशेष क्षेत्र या उद्योग को प्रमुख क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**

**(सुश्री शोभा कारान्दलाजे)**

(क) से (ङ): राष्ट्रीय करियर सेवा (एनसीएस) पोर्टल निजी और सरकारी क्षेत्रों की नौकरियों, ऑनलाइन और ऑफलाइन रोजगार मेलों की जानकारी, नौकरी खोज और मिलान, करियर परामर्श, व्यावसायिक मार्गदर्शन, कौशल विकास पाठ्यक्रमों की जानकारी, कौशल/प्रशिक्षण कार्यक्रम आदि सहित करियर से संबंधित सेवाएं देश भर के हितधारकों को एक डिजिटल प्लेटफॉर्म [www.ncs.gov.in] के माध्यम से प्रदान करने के लिए वन-स्टॉप समाधान है।

मंत्रालय ने नौकरी चाहने वालों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए क्विकर, फाउंडिट, क्वेस क्रॉप, टीमलीज आदि जैसे कई निजी नौकरी पोर्टलों और सिग्नस मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड, टीएमआई समूह और अमेज़न इंडिया आदि कंपनियों के साथ साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

अभी हाल में ही मंत्रालय ने फाउंडइट के साथ साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं जिसका उद्देश्य एनसीएस पोर्टल पर घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय रोजगार के अतिरिक्त अवसर उपलब्ध करवाना है, जिससे एनसीएस पर पंजीकृत देश भर के रोजगार चाहने वाले को लाभ होगा। फाउंडइट के साथ यह साझेदारी आगे और अधिक निष्पक्ष और समावेशी भर्ती प्रक्रिया को बढ़ावा देगी, जिससे वंचित समूहों के लिए समान रोजगार के अवसर सुनिश्चित होंगे। एनसीएस रोजगार चाहने वाले को न केवल भारत में बल्कि दक्षिण पूर्व एशिया और मध्य पूर्व में भी विभिन्न क्षेत्रों में और अधिक रिक्तियों के अवसर प्राप्त होंगे, जिससे उनके रोजगार की संभावनाएं बढ़ जाएंगी।

*****